भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 929#
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता

929# श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पर्यटन पर निर्भर गांव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रतियोगिता के लिए सरकार द्वारा निर्धारित योग्यता तथा चयन मानदंड कौन कौन से हैं; और

(ग) प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ आने वाले गांवों में अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु सरकार किस प्रकार से कार्य करेगी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में ग्रामीण पर्यटन संबंधी केंद्रीय नोडल एजेंसी (आईआईटीटीएम) सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता कार्यान्वित कर रही है । सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता का लक्ष्य एक ऐसे गांव को सम्मानित करना है जो पर्यटन को सकारात्मक परिवर्तन, ग्रामीण विकास और सामुदायिक कल्याण का साधन बनाने के व्यापक लक्ष्य के साथ ग्रामीण पर्यटन गंतव्य का सर्वोत्तम उदाहरण हो ।

(ख): सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता के पात्रता मानदंडों में प्रसिद्ध स्थलों, पर्यटक गंतव्यों अथवा लैंडस्केप के आसपास के गांव शामिल हैं । गांव का जनसंख्या घनत्व कम होना चाहिए और वहां 25,000 से अधिक आबादी नहीं होनी चाहिए । इन गांवों में कृषि, शिल्प, क्विजीन आदि सहित पारम्परिक गतिविधियां और सामुदायिक मूल्य भी होने चाहिए ।

मूल्यांकन के क्षेत्रों में सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संसाधन; आर्थिक स्थिरता, पर्यावरणिक स्थायित्व; शासन एवं पर्यटन की प्राथमिकता; स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं संरक्षा; सांस्कृतिक संसाधनों का संवर्धन एवं परिरक्षण; सामाजिक स्थायित्व; पर्यटन विकास और मूल्य श्रृंखला का एकीकरण तथा अवसंरचना एवं कनेक्टिविटी शामिल हैं ।

(ग): सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता के तहत चिह्नित पर्यटन ग्रामों का विभिन्न मंचों पर संवर्धन किया जाएगा ।

*****